कार्यालयः—प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, भोपाल म0प्र0

//विविध आदेश//

कमांक ..../24 भोपाल, दिनांक 11 मई 2024

प्रति,

समस्त चतुर्थ श्रेणी कर्मचारीगण
सिविल न्यायालय भोपाल/बैरसिया

विषयः— ग्रीष्मकालीन अवकाश के संबंध में।

संदर्भः— माननीय उच्च न्यायालय म0प्र जबलपुर की अधिसूचना कमांक ए/8775/1–7–3/2022 (पार्ट1) जबलपुर दिनांक 28.12.2023 के पृष्टांकन कमांक ए/8776/1–7–3/2022 (पार्ट1) जबलपुर दिनांक 28.12.2023

––00––

यथा निर्देश उपरोक्त विषयांतर्गत स्थापना पर पदस्थ समस्त चतुर्थ श्रेणी शासकीय सेवकों को सूचित किया जाता है कि जो कर्मचारी दिनांक 03.06.2024 से 28.06.2024 तक ग्रीष्मकालीन अवकाश अवधि में विशेष अवकाश का लाभ उठाना चाहते हैं, वे निम्न निर्देशों के अधीन अपने आवेदन प्रस्तुत करें:–

1. पीठासीन/प्रभारी अधिकारी जिस अवधि में ग्रीष्मकालीन अवकाश पर रहेगें, उसी अवधि के अंतर्गत ग्रीष्मकालीन अवकाश स्वीकृत किया जावेगा।
2. जिस अवधि में पीठासीन/प्रभारी अधिकारी द्वारा ग्रीष्मावकाश लिया गया है, उस अवधि में ही प्रत्येक अनुभाग/न्यायालय में पदस्थ कर्मचारीगण का एकजाई आवेदन प्रस्तुत किया जावेगा।
3. अनुभाग में पदस्थ कर्मचारीगण आपसी सामंजस्य बैठाकर इस अनुसार अपने आवेदन प्रस्तुत करेगें।
4. आवेदन पीठासीन/प्रभारी अधिकारी से अग्रेषित कराकर प्रस्तुत किये जायेगें।
5. ग्रीष्मकालीन अवकाश की निरंतरता में अन्य कोई अवकाश स्वीकृत नहीं किया जावेगा।
6. आवेदन दिनांक 14/05/2024 सायं 5.00 बजे तक ही नजारत अनुभाग में प्रस्तुत किये जावेगे, उसके पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश
भोपाल म0प्र0

पृष्ठांकन 3358/24 भोपाल, दिनांक 11/05/2024

1. पीठासीन अधिकारी (समस्त न्यायालय भोपाल/बैरसिया)
2. प्रभारी अधिकारी कार्यालय/नजारत/प्रतिलिपि/मालखाना/कम्प्यूटर/ग्रन्थालय/सांख्यिकी/अभिलेखागार अनुभाग भोपाल/बैरसिया
3. रजिस्ट्रार सिविल कोर्ट, भोपाल
4. प्रस्तुतकार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश भोपाल
5. प्रभारी अधिकारी, कम्प्यूटर अनुभाग, जिला न्यायालय भोपाल की ओर समस्त चतुर्थ श्रेणी कर्मचारीगण को ई–मेल के माध्यम से तथा कोर्ट की बेबसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश
भोपाल म0प्र0